तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
**तो हितग्राहियों के आवास होंगे निरस्तः कलेक्टर**



## दीवारों पर दरारें, खपरैल और लकड़ियां कमजोर

# खतरे के बीच जर्जर आवासों में रह रहे लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पर उठे सवाल

जिला मुख्यालय के महापात्रे कॉलोनी स्थित निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल के समीप लोक निर्माण विभाग के पुराने शासकीय आवासीय भवन अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। भवनों की हालत इतनी खराब हो गई है कि यहां रहना कर्मचारियों के लिए खतरे से खाली नहीं है। इसके बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण विभागीय कर्मचारी मजबूरी में इन्हीं जर्जर मकानों में रहने को विवश हैं।

जानकारी के अनुसार करीब 40 वर्ष पुराने ये खपरैलयुक्त शासकीय आवास समय के साथ काफी कमजोर हो चुके हैं। मकानों की दीवारों में जगह-जगह बड़ी दरारें पड़ गई हैं। वहीं छत में लगे खपरैल और उन्हें सहारा देने वाली लकड़ियां भी खराब हो चुकी हैं। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण भवनों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद इन जर्जर भवनों में रहने वाले कर्मचारियों की चिंता और बढ़ गई है। कमजोर दीवारों और खराब छतों के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को समय रहते इन भवनों का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा न तो इन भवनों की मरम्मत कराई जा रही है और न ही कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की पहल दिखाई दे रही है।





### नए आवास बनाने की मांग

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इन पुराने और अनुपयोगी भवनों को तोड़कर उसी स्थान पर नए शासकीय आवासों का निर्माण कराया जाए, जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित आवास मिल सके और वर्षों पुराने भवनों से होने वाले खतरे को खत्म किया जा सके।

### तो कौन होगा जिम्मेदार?

लोगों का कहना है कि जर्जर भवनों को तत्काल खाली कराकर कर्मचारियों के लिए सुरक्षित व्यवस्था करनी चाहिए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई और कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है।

# करंट लगने से किसान और मवेशी की मौत

■ ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गोढ़ी बी स्थित कुरकुट नाला के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से किसान और उसके मवेशी की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, किसान रामेश्वर यादव अपने मवेशी को चराने के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान वे और उनका मवेशी बांस के सहारे ले जाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गए। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण किसान और मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बांस के सहारे बिजली कनेक्शन संचालित किया जा रहा था, जो सुरक्षा मानकों के विपरीत है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा आवश्यक सुधार नहीं किए गए, जिसके चलते यह हादसा हुआ।



### बिजली विभाग एवं पुलिस जुटी जांच में

फिलहाल पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। घटना ने बिजली व्यवस्था की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मुआवजे की मांग

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, ग्रामीणों ने मृतक किसान के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण में अपील की सुविधा

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जशपुर द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से जुड़े मामलों में आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जानकारी के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रकरण में संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा पारित आदेश से असंतोष है, तो वह नियमानुसार जिला रजिस्ट्रार के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। इसी तरह जिला रजिस्ट्रार के आदेश से असंतुष्ट होने पर व्यक्ति को मुख्य रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ तथा संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, रायपुर के समक्ष अपील करने का अधिकार होगा। यह व्यवस्था जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संबंधी प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध है। कार्यालय ने बताया कि अपील प्रस्तुत करते समय संबंधित आदेश की प्रति, आवश्यक अभिलेख तथा अपना पक्ष स्पष्ट रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिससे प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार निर्णय लिया जा सके। जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण संबंधी किसी भी विवाद, त्रुटि या आदेश के विरुद्ध वैधानिक अपील व्यवस्था का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय रजिस्ट्रार अथवा जिला रजिस्ट्रार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा 28 को, 411 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर द्वारा पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून को किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10 से 1.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शास.रा.भ.रा.एन.ई.एस.स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शास. विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय शामिल हैं। दोनों केन्द्रों में कुल 411 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु श्री समीर बड़ा डिप्टी कलेक्टर, जशपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी मुख्य निर्देश परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर लें, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके, परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएं क्योंकि काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी व गहरे चॉकलेटी रंग वर्जित हैं, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक के अनुमति होगी, पैर में चप्पल पहनें और कान में कोई आभूषण न पहनें, परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

# गायत्री मंत्र की अनिवार्यता के विरोध में आदिवासी समाज का प्रदर्शन

■ कलेक्ट्रेट पहुंचा सर्व आदिवासी समाज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के सरकारी विद्यालयों में गायत्री मंत्र को अनिवार्य किए जाने के निर्णय के विरोध में सोमवार को जशपुर में सर्व आदिवासी समाज ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी विद्यालय किसी एक धर्म, संप्रदाय या विचारधारा के नहीं, बल्कि देश के हर वर्ग, हर धर्म और हर समुदाय के बच्चों के हैं।

किसी एक धार्मिक मंत्र को अनिवार्य करना संविधान की मूल भावना और देश की धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के खिलाफ है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान समाजजनों ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता है। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग एक साथ रहते हैं। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में विनोद प्रधान, राजेश भगत, विभूति कुमार भगत, आश्रित खेस, शिवप्रसाद भगत, विष्णु मरावी एवं सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संदीप कुजूर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे। समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी धर्म, धार्मिक ग्रंथ या धार्मिक आस्था के खिलाफ नहीं है। उनका विरोध केवल उस व्यवस्था का है, जिसमें सरकारी संस्थानों में किसी एक धार्मिक प्रार्थना को अनिवार्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र या परिवार अपनी इच्छा और आस्था के अनुसार किसी प्रार्थना का पाठ करना चाहता है तो यह उसका मौलिक अधिकार है, लेकिन उसे सभी विद्यार्थियों पर थोपना स्वीकार्य नहीं हो सकता।



**राज्यपाल से की मांगः** सर्व आदिवासी समाज ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर सरकारी विद्यालयों में किसी भी धार्मिक प्रार्थना या मंत्र को अनिवार्य बनाने संबंधी निर्णय को निरस्त करने की मांग की है। समाज का कहना है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह संविधान की भावना के अनुरूप संचालित होनी चाहिए, जहां हर विद्यार्थी स्वयं को समान, सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सके। ज्ञापन सौंपने के बाद समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और शिक्षा में समान अवसर के सिद्धांत से जुड़ा विषय है। इसलिए इस मुद्दे पर सरकार को सभी पक्षों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील निर्णय लेना चाहिए।

# बीईओ ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**पत्थलगांव।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव कमलेश कुमार यादव द्वारा सोमवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पुस्तक वितरण, बुक स्कैनिंग, स्कूल प्रोफाइल एवं स्टूडेंट प्रोग्रेशन की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान बीईओ ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा बेहतर परीक्षा परिणामों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए विद्यालय को आदर्श एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने विद्यालय में शत-प्रतिशत बुक स्कैनिंग, स्कूल प्रोफाइल अद्यतन, विद्यार्थियों की सतत प्रगति की मॉनिटरिंग, स्मार्ट क्लास के प्रभावी उपयोग तथा अनुशासन एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार हेतु व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा विद्यालय को जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।निरीक्षण के अंत में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।




# कार और बाइक की आमने सामने भिड़ंत, युवक की मौत



■ एनएच 43 पर भीषण सड़क हादसा

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर स्थित खड़सा गांव के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फॉर्च्यूनर वाहन और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और फॉर्च्यूनर दोनों के परखच्चे उड़ गए। वहीं टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई फॉर्च्यूनर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कुनकुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### जिला न्यायालय परिसर में मना योग दिवस

**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता आरपी पाण्डेय एवं अधिवक्ता जीपी रवानी द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्रदान करने वाला है। उन्होंने बताया कि योग स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा नियमित योगाभ्यास से तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को दैनिक जीवन में योग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी जशपुर, श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर सहित न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

■ स्वच्छ ग्राम बनाने की दिशा में बड़ा कदम, सरपंच-सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत जशपुर सभागार में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रथम चरण में क्रियान्वयन हेतु जिले की चयनित 70 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रमुख प्रावधानों, ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं, स्वच्छता गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिले के सातों जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अध्यक्षगण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक, यूनिसेफ जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों से अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए नियमों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ग्रामों के निर्माण में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।



### छड़ काटने को लेकर विवाद में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मामूल विवाद पर युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच उपरान्त हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी 25 वर्षीय गुलशन दास आ. घुरन दास ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई मौसम दास की शादी चार साला पहले ग्राम पम्पापुर खुटनपपारा में हुई थी। शादी के बाद मौसम दास ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था। 20 जून को सुबह 11.30 बजे रोशन दास ने उसे फोन कर जानकारी दी कि पडोस में रहने वाले लिलाम सिंह ने छड़ काटने को लेकर विवाद में लकड़ी के हरीशा से मार दिया जिससे सिर पर चोट लगने के कारण मौसम दास बेहोश हो गया। युवक को उपचार के लिए परिजन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे।




# सोगड़ा आश्रम में लगा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**जशपुरनगर।** सोगड़ा आश्रम बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा गुरूपद संभव राम के निर्देश पर ग्रामीण जनता के सेवार्थ ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम परिसर में 21 जून रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ सुबह 9 बजे वाड्रफनगर से पधारे सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ.आशुतोष त्रिपाठी द्वारा अघोरेश्वर भगवान राम के तैलचित्र पर पूजन एवं आरती कर किया गया। इस सेवा कार्य में डॉ. त्रिपाठी के साथ सहयोगी अजय सिन्हा (गुमला) ने भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक अनवरत चले इस चिकित्सा शिविर में सोगड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुल 73 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टर द्वारा परामर्श के साथ-साथ सभी जरूरतमंद मरीजों को आश्रम की ओर से निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं।




**अगला शिविर 12 जुलाई कोः** अगला शिविर बाबा भगवान राम ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को देखते हुए अब इस निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन अगले माह 12 जुलाई रविवार को किया जाएगा। आगामी शिविर में उपचार अथवा परामर्श के लिए इच्छुक रोगी ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में सीधे उपस्थित होकर या दूरभाष के माध्यम से अग्रिम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### अभिषेक वर्मा को इतिहास विषय में पीएचडी की उपाधि

अम्बिकापुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, द्वारा अभिषेक वर्मा को इतिहास विषय में उनके शोध प्रबंध छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा संभाग के



पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थलों का अध्ययन पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध इतिहास विभाग प्राध्यापक डॉ. अंजू तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अभिषेक वर्मा ने यूजीसी-नेट, सीटेट उत्तीर्ण करने के साथ ही एमबीए, एमए हिंदी, इतिहास, एम.कॉम तथा बीएड की उपाधियां प्राप्त की है। अभिषेक वर्मा पूर्व पार्षद विनोद वर्मा एवं श्रीमती कमला वर्मा के सुपुत्र हैं।

### प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी, बतौली वासियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



सेदम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व्हाट्सएप ग्रुप में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आज बतौलीवासी उक्त व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। बतौली विद्युत संवाद ग्रुप बतौली में व्हाट्सएप के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ग्रुप में अपमानजनक टिप्पणी की बतौली वासियों ने घोर निंदा की है। साथ ही विद्युत संवाद ग्रुप में संबंधित व्यक्ति पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। मोबाइल धारक द्वारा प्रधानमंत्री पर जो शब्द भाषा का प्रयोग किया गया है वह बेहद ही आपत्तिजनक है जिसकी टिप्पणी को देख बतौली वासियो द्वारा बतौली थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर करवाई की बात कही है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जेबीसीसीआई 12 के गठन में देरी, 1 जुलाई को श्रमिक महासंघो ने देशव्यापी विरोध करने की दी चेतावनी

बिश्रामपुर। कोल इंडिया प्रबंधन पर उदासीनता और श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चार प्रमुख कोयला मजदूर महासंघों के संयुक्त मंच जॉइंट एक्शन फोरम ने जेबीसीसीआई 12 के गठन में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की है,महासंघों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन को और गति दी जाएगी,चारों महासंघों एचएमएस, इंटक, एटक तथा सीटू के नेताओं की गत दिनों 5 जून को आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नेताओं ने आरोप लगाया कि कोयला मंत्रालय कोल इंडिया का रवैया लगातार असहयोगात्मक और पक्षपातपूर्ण बना हुआ है, जिस कारण लाखों कोयला कर्मियों की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। महासंघों का कहना है कि जेबीसीसीआई 11 का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। यह समिति कोयला कर्मियों के वेतन, भत्तों और सेवा शर्तों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों का आधार होती है। बावजूद इसके अब तक जेबीसीसीआई 12 के गठन की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। श्रमिक संगठनों का कहना है कि वे लंबे समय से विभिन्न मंचों के माध्यम से नई समिति के गठन की मांग उठा रहे हैं, लेकिन न तो कोयला मंत्रालय और न ही कोल कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन ने इस संबंध में कोई स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई को देशभर की कोयला खदानों, परियोजनाओं और इकाइयों में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

### शादी की खुशियां बदली मातम में, बारात निकलने से पहले कुआं में गिरने से एक सदस्य की मौत

अम्बिकापुर। शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब युवक के बारात की तैयारी करने तथा बारातियों को भोजन कराने के दौरान परिवार के एक सदस्य बाड़ी स्थित कुआं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर निवासी कृष्णा प्रसाद आ. स्व. मन बहाल (35 वर्ष) 19 जून को परिवार के ही चंद्रकांत का शादी कार्यक्रम चल रहा था। शाम को परिवार सहित घर आए मेहमान ग्राम कशलगिरी बारात जाने की तैयारी कर रहे थे और परिवार के लोग बारातियों को भोजन करा रहे थे। इसी बीच रात लगभग 9 बजे कृष्णा भी भोजन कर घर के बाड़ी स्थित कुआं के पास हाथ धोने गया तभी अचानक कुआं में गिर गया। कुआं में गिरने की आवाज सुन घर आए मेहमानों ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन किसी तरह कृष्णा को अचेत हालत में बाहर निकाल तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पेट दर्द से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। पेट दर्द से पीड़ित ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी नानफुनू सिंह आ. स्व. गेदाराम (50 वर्ष) की बचपन से दिमागी हालत ठीक नहीं था। गत दिन नानफुनू ने बड़े भाई श्याम सिंह को पेट में दर्द होने की बात बताई और अस्पताल चलने की बात कही। जिस पर श्याम सिंह ने दूसरे दिन जाने की बात कही। इसी बीच तड़के पेट दर्द काफी बढ़ जाने पर परिजन उसे तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपचार उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक जोड़ी भैंस चोरी हो जाने पर गया था मन्नत मांगने

# देर रात्रि देवगुड़ी में पूजा करने के दौरान बुजुर्ग की हुई हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली क्षेत्र के ग्राम पोकसरी में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग के घर से एक जोड़ी भैंस चोरी हो गया था जिससे वापस पाने के लिए शनिवार की देर रात बुजुर्ग गांव के देवगुड़ी पूजा स्थल में मुर्गा और चावल लेकर मन्नत मांगने पूजा कर रहा था तभी अज्ञात लोगों ने मोटे डंडे से उसके सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर हत्या की राज जानने बतौली पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**खास बात**

- बुजुर्ग की हत्या से क्षेत्र में मचा हड़कंप, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी संतलाल उर्फ बिरहा आ. भगवान कंवर (55 वर्ष) शनिवार शाम अपने बेटे दिनेश के साथ ग्राम कुनकुरी अपने मामा जीवन नाथ के यहां गया हुआ था जहां बेटा दिनेश कुनकुरी में हो रहे शादी देखने में मशगूल था वहीं संतलाल अपने घर पोकसरी आ गया। संतलाल जब देर रात्रि 1 बजे घर आया जो देखा कि घर खुला हुआ है और कोठार में बंधे एक जोड़ी भैंसा गायब था जिससे लेकर चिंतित था। देर रात ही एक जोड़ी भैस को वापस पाने के लिए देर रात अकेले ही घर से मुर्गी व चावल लेकर बांधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में पूजा करने चला गया जहां पूजा करने के दौरान ही अज्ञात लोगों ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह संतलाल की बंधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया जो पीपल वृक्ष के नीचे झुके हुए अवस्था में सिर के बल शव पड़ा हुआ था। संतलाल को संभवतः लकड़ी या किसी वजनदार वस्तु से सिर पर वार किया था जिससे मौके पर ही अचेत होकर बुजुर्ग की मौत हो गई है। परिजन सहित ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर पहुंच हत्या शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम, इनसेट में मृतक।

### देर रात आए थे बाइक से तीन युवक

मृतक के बड़े भाई बिंद्रराम उसकी पत्नी लग्नकुवर ने बताया कि संतलाल देर रात्रि 1 बजे घर आया था और देखा देखा घर खुला हुआ है और कोठार में बंधे एक जोड़ी भैंसा गायब है जिससे लेकर चिंतित हो गया फिर अकेले ही घर से मुर्गी व चावल लेकर बांधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में पूजा करने चला गया जहां उसकी हत्या कर दी गई। संतलाल के घर आने से एक घंटा पूर्व रात्रि 12 बजे करीब बाईक में सवार 3 युवक संतलाल के घर पहुंचे और उसका नाम लेकर चिल्ला रहे थे जो मृतक के भैंसा को भी ले गए। हम लोग डर से घर से नहीं निकले थे।

### शुक्रवार को हुआ था गांव के युवक से विवाद

मृतक के बेटे के दोस्त पोकसरी निवासी युवक जानचंद आ. रघन मृतक के बड़े भाई के यहां सवेरे 5 बजे आंगन में बैठकर 2 दोस्तों के संग शराब पी रहा थे। इसी दौरान संतलाल आकर जानचंद को किसका किसका कर्ज खाए हो बोला तो जानचंद शराब के नशे में संतलाल को 3 -4 थप्पड़ मारा जिससे आक्रोशित संतलाल भी युवक को टांगी के बैट से मारा था जिससे वह बेहोस ही गया था। घटना के बाद संतलाल पैदल ही घटना की जानकारी देने बतौली थाना निकल पड़ा लेकिन कुनकुरी मामा घर घुसने व घटना बताने पर थाना नहीं गया और घर वापस आ गया वहीं आज संतलाल की मौत से मामला संदेहास्पद हो गया है।

### फॉरेंसिक एक्सपर्ट व पुलिस को मिले कई सुराग

घटना की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी विवेक सेंगर की निर्देश पर एसआई आभास मिंज, राकेश कुमार, राजेश मौके पर तत्काल पहुंचे जबकि फॉरेंसिक एक्सपर्ट से डॉ. बृजेश कुमार नागवंशी, आकाश कन्नौज टीम के साथ जांच में जुट गए। शव के समीप सरई का मोटा डंडा, मोबाइल, टांगी बरामद किया गया है। पुलिस ने जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही है।

### पकड़े गए है दो संदिग्ध

हत्या के मामले में पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे है। संदेह के आधार पर दो संदेहियों को हिरासत में लिया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जांच जारी है और जल्द ही हत्या का खुलासा होगा।

-राजेंद्र मंडावी
एसडीओपी



## वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ की पहल पर टेमरी में हुआ बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के पहल पर टेमरी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त वनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी एवं बाघ ट्रेकर्स ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा अपने अनुभव को साझा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाघ निगरानी, सुरक्षा व संरक्षण संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में कैमरा ट्रैप, डिजिटल गश्त और सटीक डेटा संकलन के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों व मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी जोर दिया गया। कोरिया व सूरजपुर सीमा पर बाघ का मूवमेंट ज्यादा होता हैं इसलिए टेमरी में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ताकि सभी स्टाफ को बाघ के पगमार्क, स्क्रैच मार्क आदि देख सकें।

इस मौके पर संयुक्त वनमंडलाधिकारी ओड़गी मनोज कुमार शाह ,वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदरगढ़ विकास गुप्ता, गौरव निलहानि वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ,परिक्षेत्र सहायक सोहन राम, सुदामा सिंह, श्रद्धा देवी पैकरा, समस्त संबंधित परिसर रक्षक, दोनों रेंज के बाघ ट्रेकर्स मौजूद रहें।

## लड़कियों के साथ गलत टिप्पणी करने से मना कर रहे युवक की पिटाई

अम्बिकापुर। बारात में शामिल युवकों द्वारा लड़कियो के साथ गलत टिप्पणी पर जब युवक ने मना किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। ग्राम खड़गवां निवासी महादेव आ. लालसाय (25 वर्ष) ने चंदोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 19 जून को संतोष आ. सुखलाल का बारात ग्राम पकनी के नंदू के घर आया था। 20 जून की रात लगभग 2 बजे बारात में आए ग्राम पकनी के बृज कुमार, महेश्वर व अन्य युवकों ने ग्राम खड़गवां के लड़कियों के साथ गलत टिप्पणी करना शुरू कर दिया। जिसे देख जब महादेव ने मना किया तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख शादी में शामिल लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296,3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सुरक्षा प्रहरियों का एक करोड़ रुपये से अधिक का एरियर भुगतान अटका

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों के वेतन भुगतान को लेकर विवाद अब आंदोलन का रूप ले रहा है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने एसईसीएल प्रबंधन व ठेका कंपनी को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेजस और बकाया एरियर का भुगतान नहीं किया गया, तो श्रमिकों के साथ यूनियन पदाधिकारी अनशन पर बैठेंगे।

- एटक यूनियन ने वेजस पेमेंट के लिए प्रबंधन को सात दिवस का दिया अल्टीमेटम

यूनियन का आरोप है कि मेसर्स एसकेएमपीएल द्वारा संचालित केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों का लंबे समय से आर्थिक शोषण किया जा रहा है और श्रम कानूनों की अनदेखी की जा रही है। इस मामले को लेकर श्रमिकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले सुरक्षा प्रहरियों को निर्धारित दर से कम वेतन दिए जाने की शिकायत क्षेत्रीय श्रम आयुक्त बिलासपुर के समक्ष की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने 15 दिसंबर 2025 को पारित आदेश में तीन माह के भीतर सभी पात्र श्रमिकों को एचपीसी वेजस और बकाया एरियर का भुगतान करने के निर्देश दिए थे।श्री गर्ग ने बताया कि आदेश जारी होने के बाद निर्धारित समय-सीमा समाप्त हुए तीन माह से अधिक समय गुजर चुका है, लेकिन आज तक न तो वेतन विसंगति दूर की गई और न ही एरियर का भुगतान किया गया। यूनियन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में सुरक्षा प्रहरियों के लिए केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी 781 रुपए प्रतिदिन निर्धारित है, जबकि ठेका कंपनी द्वारा मात्र 541 रुपए प्रतिदिन भुगतान दर्शाया जा रहा है। वहीं वर्ष 2026 के लिए निर्धारित एचपीसी वेज दर 1320 रुपए प्रतिदिन है। इस हिसाब से प्रत्येक श्रमिक को प्रतिदिन लगभग 539 रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यूनियन का दावा है कि इसी वजह से सुरक्षा प्रहरियों की कुल बकाया एरियर राशि अब एक करोड़ रुपए से अधिक हो चुकी है।एटक ने ठेका कंपनी और उसके सब-कॉन्ट्रैक्टर पर श्रम कानूनों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा है कि 8 जून तक श्रमिकों से प्रतिदिन 12-12 घंटे कार्य लिया गया, जो निर्धारित श्रम मानकों के विपरीत है,आरोप यह भी है कि शिकायतों से बचने के लिए संबंधित पक्षों द्वारा भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की जा रही है और वैधानिक अधिकारों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।यूनियन ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि ठेका कंपनी के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा सभी सुरक्षा प्रहरियों को उनका वैधानिक वेतन, एचपीसी वेजस और लंबित एरियर का भुगतान कराया जाए,एटक ने स्पष्ट किया है कि यदि सात दिनों के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो श्रमिक लोकतांत्रिक तरीके से पहले अनशन और उसके बाद व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल पर सीएम ने लिया वरिष्ठजन का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार जनादेश प्राप्त कर 12 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में सफलतापूर्वक कार्य करने के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर में वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार निर्वाचित होकर और जनता का विश्वास अर्जित करते हुए 12 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर को प्रदेशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत वरिष्ठजनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का भी विशेष आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री श्री साय ने अम्बिकापुर में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बृजेश पांडे से उनके निवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान होता है तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना है, ताकि वे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता की सेवा करते रहें और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहें। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसौदिया, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- सीएम श्री साय ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बृजेश पांडे से की मुलाकात



## मधुमक्खियों का झुंड सामने आने से कार टकराई पेड़ से, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** बीएड की परीक्षा देकर लौट रहे कार सवार सकालों धान मंडी के समीप अचानक मधुमक्खियों के झुंड के सामने आ जाने से चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराई गई। दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई जबकि सवार अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कुसमी निवासी राखी कश्यप पति सौरभ कुमार कश्यप (40 वर्ष) 17 जून को माध्यमिक शाला सिविलदाग स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ पति एव परिचित मुनेश्वर व चालक खुर्शीद हुसैन के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 15 ईएच 8484 से सागर बीएड की परीक्षा देने गए थे। 20 जून को सभी वाहन से वापस लौटने लगे और जैसे ही तड़के सकालो धान मंडी के आगे पहुंचे तभी अचानक सामने मधुमक्खियों के झुंड आ जाने से सामने दिखाई नहीं देने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में राखी गंभीर रूप से जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आई। वाहन सवार मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन से घायल राखी को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## छोटे भाइयों ने मिलकर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पुरानी रंजिश को लेकर अपने ही छोटे भाइयों ने मिलकर बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने युवक के नाक को कांटने के साथ ही ईंट पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत बेलदगी बेंदोपानी अलगा निवासी 32 वर्षीय पांडे कोरवा आ. रामधन कोरवा पर 20 जून की दोपहर उसके ही अपने भाई श्रवण कोरवा और उसके छोटे नाबालिग भाई ने मिलकर हमला कर दिया।



- पुरानी रंजिश के कारण दिया वारदात को अंजाम


आरोपियों ने मृतक पांडे कोरवा के नाक को दांत से काटने के साथ ही ईंट-पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इस घटना में पांडे कोरवा की मौके पर मौत हो गई थी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम व एफएसएल की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद घेराबंदी कर आरोपी ग्राम अलगा निवासी 25 वर्षीय श्रवन कोरवा उर्फ सरवन आ. रामधन कोरवा व विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि भाइयों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद होता रहता था। इसी बात से नाराज होकर श्रवन कोरवा और नाबालिग भाई ने मिलकर अपने बड़े भाई के हत्या की योजना बनाई और जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 103 (1), 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड और आरोपी युवक को जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संपत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश कुमार सिंह, पीतांबर सिंह आरक्षक सुरेश गुप्ता,रामकुमार यादव, आशीष चौहान, सोहन राजवाड़े सक्रिय रहे।

### विशाल सदस्यता अभियान के बाद कराया जाएगा अध्यक्ष एवं अन्य पदों का चुनाव

## जिला साहू समाज के चुनाव को लेकर भामाशाह भवन में हुई बैठक, प्रदेश से पहुंचे चार पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

जिला साहू समाज के अध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार चार सदस्यीय पर्यवेक्षक दल सरगुजा जिला मुख्यालय पहुंचा। चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय भामाशाह भवन में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



बैठक की शुरुआत समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं कर्मा आरती के साथ गरिमामय माहौल में हुई।प्रदेश साहू संघ की ओर से आए मुख्य पर्यवेक्षकों में राजेश कुमार साहू, यतीश कुमार साहू, मनोज कुमार साहू एवं रेवा लाल साहू शामिल रहे। पर्यवेक्षकों ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सदन में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं से एक-एक कर उनकी राय और सुझाव मांगे, जिस पर समाज के कई वरिष्ठ व युवा सदस्यों ने अपने विचार साझा किए। सभी पक्षों को सुनने और व्यापक विचार-विमर्श के बाद प्रदेश पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए कि पूर्व से जो भी सदस्य आजीवन सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं, वे यथावत बने रहेंगे। जिन सामाजिक बंधुओं ने साहू समाज के भवन निर्माण या जमीन खरीदने में अपनी सहयोग राशि और अमूल्य योगदान दिया है, उनका नाम भी वोटर लिस्ट में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने के लिए जिले में एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 31 सौ रुपये का शुल्क लेकर नए सदस्य बनाए जाएंगे, जिसके बाद यह चुनाव संपन्न कराया जाएगा।साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में सरगुजा जिले के कोने-कोने से समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और समाज की एकजुटता तथा प्रगति का परिचय दिया। बैठक में प्रयागराज साहू, जनक लाल साहू, देव कुमार साहू, जवाहर साहू, दिनेश साहू, सुरेंद्र साहू, भोलाराम साहू, संदीप साहू, उपेंद्र गुप्ता, सरोज साहू, संजय गुप्ता, पालू गुप्ता, सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, मुनेश्वर साहू, गिरिजाशंकर साहू, पारस साहू, आदित्य गुप्ता, सुभाष साहू, रामनरेश गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, संजय गुप्ता, परमेश्वर गुप्ता, रामनरेश प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, सुनील साहू, हेमंत कनौजिया, बहादुर साहू, शिव कुमार साहू, उमेश साहू, राकेश साहू, रामकिशुन आदि उपस्थित रहे।



# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

## टीवी मसाला



# सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है, वहीं उन्हें इस हालत में देखकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीखने लगी। रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि रुबीना दिलैक एक बेहद मुश्किल स्टंट परफॉर्म कर रही हैं। इस स्टंट के दौरान उनके गले और पूरे शरीर पर कई खतरनाक सांप रेंग रहे हैं। वैसे तो रुबीना को बहुत हिम्मतवाली माना जाता है, लेकिन जब सांप उनके चेहरे के बिल्कुल करीब पहुंच गए, तो वह भी बुरी तरह घबरा गईं। सांपों के इस खतरनाक साये के बीच रुबीना खुद पर काबू रखने की पूरी कोशिश कर रही थीं, लेकिन उनका डर साफ नजर आ रहा था। रुबीना को इस तरह खतरों से खेलते देख बाकी कंटेस्टेंट्स की हालत खराब हो गई। खासकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट, जो वहां बैठकर यह स्टंट देख रही थीं, खुद को चीखने से नहीं रोक पाईं। डर के मारे दोनों की आंखें फटी की फटी रह गईं। प्रोमो में जैस्मीन और फरहाना जोर-जोर से रोते और चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार शो में खतरों का लेवल कितना ज्यादा बढ़ गया है।

## सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए

**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह



'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया। लेकिन, उनके लिए यह मुकाम हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली हैं। इस शो को राजीव खंडेलवाल होस्ट कर रहे हैं।

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।

ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।





# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।




## मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

# काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'



ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।

संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### अवैध वसूली का आरोप 11 के खिलाफ मामला दर्ज

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में वाहन चालकों से कथित तौर पर मजदूर संगठन के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल छाल क्षेत्र में ठेका कंपनी के अंतर्गत कार्यरत वाहन चालकों ने पुलिस को शिकायत देते बताया है कि कुछ लोग स्वयं को एक मजदूर संगठन से जुड़ा बताते हुए चालकों से प्रतिमाह 700 रुपये की राशि वसूलते थे। आरोप है कि यह रकम कभी नगद तो कभी ऑनलाइन माध्यम से ली जाती थी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वसूली को सुरक्षा और संगठन के संरक्षण से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता था। वहीं राशि नहीं देने पर नौकरी और संगठन से बाहर कराने जैसी धमकियां भी दी जाती थीं। वाहन चालकों ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्षों से एकत्र की जा रही रकम का उपयोग श्रमिकों के हित या कल्याणकारी कार्यों में नहीं किया गया। पीड़ित पक्ष द्वारा इस संबंध में पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों को भी शिकायत दिए जाने की बात कही गई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रेलर चालक फरार

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हादसा नवापारा-बांधापाली मार्ग पर एसईसीएल सब एरिया कार्यालय के समीप हुआ। रात के समय स्थानीय लोगों को सड़क पर एक युवक के घायल पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल की पहचान सुंदरम सिंह के रूप में की। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर और बाइक के बीच हुई टक्कर के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ट्रेलर चालक ने वाहन वहीं छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने भी घटना पर दुख जताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है।

### सोशल मीडिया पर सक्रिय युवती की मौत

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर डांस वीडियो और रील्स के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक युवती की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। घरघोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय चांदनी नेगी की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद युवती ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जानकारी के मुताबिक ग्राम टेड़ा नवापारा निवासी चांदनी नेगी अपने बड़े परिवार की सदस्य थी। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहती थी और विभिन्न सांस्कृतिक एवं डांस कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर लोगों के बीच पहचान बना रही थी। बताया जाता है कि उसकी इस गतिविधि से कुछ आमदनी भी होने लगी थी। परिजनों के अनुसार कुछ दिन पहले घर में भाई-बहनों के साथ किसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ था।

### बालिकाओं को मिलेगा कस्तूरबा विद्यालय में प्रवेश

**बिलाईगढ़।** ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बिलाईगढ़ में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जिले के एकमात्र कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक प्रवेश के लिए सभी वर्गों के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा।

## पीएम आवास: राशि मिलने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने पर होगी कार्रवाई

# तो हितग्राहियों के आवास होंगे निरस्त: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों एवं योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान बगीचा विकासखंड में आवास निर्माण की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए किश्त की राशि जारी की जा चुकी है, लेकिन उन्होंने कार्य प्रारंभ नहीं किया है अथवा लंबे समय तक निर्माण कार्य लंबित रखकर पूर्ण करने में रुचि नहीं दिखाई है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने ऐसे हितग्राहियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने, ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर हटाने तथा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर आवास स्वीकृति निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जारी की गई राशि की वसूली की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार

■ कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निराकरण

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का केवल औपचारिक नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### पेंशन और यूडीआईडी कार्य में तेजी लाने के निर्देश

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पेंशन हितग्राहियों के आधार सीडिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही पेंशन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए नियमित यूडीआईडी पंजीयन शिविर आयोजित करने तथा पात्र दिव्यांगजनों का पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा।

### श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष अभियान

श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक श्रमिकों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठित एवं असंगठित श्रमिकों के पंजीयन की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि पात्र श्रमिकों को शासन की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

### पीएम जनमन आवासों को प्राथमिकता से पूरा करें

कलेक्टर श्री व्यास ने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को देखते हुए दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में निर्माण सामग्री का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए ताकि बारिश के दौरान सामग्री की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री जन मन योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है और पात्र परिवारों को समय पर पक्के आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, बैंक लिंकेज को मजबूत करने तथा महिला समूहों द्वारा संचालित उद्यमों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में स्व-सहायता समूहों से जोड़ने तथा उन्हें स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के निर्देश दिए। साथ ही लखपति दीदी योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान कर अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने पर जोर दिया।




## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रबुद्ध समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : भाजपा

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वृंदावन इम्पेरियल, जशपुर में जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। वक्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण में प्रबुद्ध समाज की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

■ जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुआ मंथन

सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भागीदारी सदैव निर्णायक रही है। समाज के जागरूक और विचारवान नागरिक सकारात्मक जनमत निर्माण के साथ विकास की धारा को गति देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगा। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा मिली है। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### अनेक ऐतिहासिक निर्णय

छत्तीसगढ़ कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने श्रमिकों, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध समाज सरकार की योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### व्यापक जनआंदोलन

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने प्रबुद्ध समाज से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और विकास के संकल्प को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं।

**इनकी रही उपस्थिति-** सम्मेलन में रौतिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, संतोष सिंह, संतोष सहाय, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, देवधन नायक, शारदा प्रधान, मुकेश सोनी, सज्जू खान, सतीष गोस्वामी सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जिले भर से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## दूसरी शादी का विरोध करने पर बेटे से मारपीट पिता के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज

**रायगढ़।** दूसरी शादी करने की बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित ने अपने ही पिता पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और डंडे से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खगेश्वर यादव ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है और अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी माता बसंती यादव का करीब दो माह पूर्व निधन हो चुका है। आरोप है कि पिता चमार यादव दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका उसने विरोध किया था। शिकायत के मुताबिक शनिवार शाम करीब 5 बजे इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान पिता ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी ।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो साझा करने वाला किशोर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोशल मीडिया पर एक नाबालिग बालिका के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो प्रसारित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किशोर को पकड़ लिया है।

आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर क्षेत्र के एक निवासी ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री से संबंधित आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किए जा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने तकनीकी जांच के जरिए संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट की जानकारी जुटाई। उक्त अकाउंट संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि इंस्टाग्राम अकाउंट एक विधि के साथ संघर्षरत किशोर द्वारा संचालित किया जा रहा था। पूछताछ के दौरान उसने बालिका से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क होने और उसके फोटो-वीडियो विभिन्न चैट ग्रुपों में साझा करने की बात स्वीकार की।

## नोडल अधिकारी में किया नवाचारी शिक्षकों का सम्मान

**जशपुरनगर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा विनोबा ऐप के माध्यम से नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं नवाचार के लिए 'बोलेगा बचपन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शिक्षकों को यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं यशस्वी जशपुर के सहयोगी संजीव शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा बोलेगा बचपन कार्यक्रम का सुचारु रूप से विद्यालयों मे संचालन किया जा रहा है, विद्यालयों मे संचालित कविता वाचन, कहानी वाचन, स्पेलिंग बी और स्पोकन इंग्लिश जैसे अनोखी पहल का सराहना किया । यह विजेता शिक्षकगण प्रेरणा के स्रोत है। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए सीखने, नवाचार साझा करने और प्रेरणा प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जो शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शैक्षणिक गतिविधियों के दस्तावेजीकरण हेतु विकसित -विनोबा के एसोसिएट प्रोग्राम मैनेजर सोमनाथ साहू ने जानकारी दी कि यह ऐप जिले के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को साझा करने, आपसी सीख को बढ़ावा देने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के दस्तावेजीकरण हेतु विकसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे टीम जिले में एफएलएन, जवाहर नवोदय, जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग के साथ-साथ दैनिक उपस्थिति डाटा संग्रहण का कार्य भी यशस्वी जशपुर के समन्वय से कर रही है।



### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों में माध्यमिक शाला खरिझारिया के ममता कायता, प्राथमिक शाला सुजीबहार के शारदा पैंकरा, प्राथमिक शाला अंकिराकोना के सरस्वती सीदार, प्राथमिक शाला साईंटांगरटोली के ऋचा गुप्ता, प्राथमिक शाला कोरवाटोली के उत्तरागोपाल, प्राथमिक शाला थूथीअम्बा के संध्या कुजूर, शिल्पा एवं संकुल कस्तूरा के संकुल समन्वयक संजय सिदार शामिल रहे। कार्यक्रम मे प्रोजेक्ट ऑफिसर आनंद कुमार टोप्पो, प्रोजेक्ट ऑफिसर बिप्लब देवशर्मा, यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडे, संजय दास, प्राचार्य सीआर भगत सहित जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक और बेटे पर हमला

**रायगढ़।** शहर के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई कॉलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले के कुछ युवकों ने पहले गाली-गलौज की, फिर हाथ-मुक्कों और किसी धारदार और कठोर वस्तु से हमला कर दिया। घटना में पिता के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि बेटे को भी चोटें पहुंची हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित राधेश्याम चौहान ने बताया कि वह बीते गुरुवार की शाम वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला दुर्गेश देवांगन उर्फ पिंटू अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और पुरानी बात को लेकर विवाद शुरू करते हुए आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में उसके सिर, हाथ और सीने पर चोटें आईं तथा सिर से काफी खून बहने लगा। शोर सुनकर जब उसका बेटा अभिजीत चौहान बीच-बचाव के लिए बाहर आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

## प्रेमिका पर शक बना मौत की वजह, हत्या के बाद शव को पेट्रोल डालकर जलाया

**रायगढ़।** तमनार-पूंजीपथरा मार्ग पर जली हुई अवस्था में मिली महिला की लाश के अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि प्रेम संबंध के दौरान उपजे विवाद के बाद आरोपी ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिए शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

■ तमनार-पूंजीपथरा मार्ग पर मिली जली लाश की गुत्थी सुलझी, प्रेमी गिरफ्तार

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 जून 2026 को मायाराम सालिकराम क्रेशर के पास तमनार चौक से पूंजीपथरा जाने वाले पगडंडी मार्ग पर एक अधेड़ महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ था। शव के आसपास घसीटने के निशान भी मिले थे, जिससे हत्या के बाद शव को दूसरी जगह ले जाकर जलाने की आशंका जताई गई थी।



पूंजीपथरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या एवं साक्ष्य मिटाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतिका की पहचान और आरोपी की तलाश के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने मृतिका के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में प्रसारित किए। इसी दौरान लक्ष्मी कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले इमिलीयूस तिग्गा और उसके साथ रहने वाली महिला के अचानक गायब होने की जानकारी मिली। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों को देखकर जशपुर जिले के ग्राम बोरो से पहुंचे दो युवकों ने शव की पहचान अपनी मां मंगरिता एक्का 60 वर्ष के रूप में की। उन्होंने बताया कि उनकी मां पूंजीपथरा क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करती थी। पहचान होने के बाद पुलिस ने संदेही इमिलीयूस तिग्गा की तलाश शुरू की और जशपुर जिले के फरसाबहार क्षेत्र में दबिश देकर उसे हिरासत में लिया।

### एक साथ बैठ कर पी शराब, फिर की हत्या

पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से तुमीडीह स्थित एनआर फेरो प्लांट में मजदूरी करता था। करीब तीन माह पहले उसकी पहचान मां शिवा प्लांट में काम करने वाली मंगरिता एक्का से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए थे और वे पूंजीपथरा के लक्ष्मी कॉलोनी में पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका उसे दूसरी पत्नी रखने के शक में अक्सर विवाद करती थी। 17 जून को दोनों गांव जाने के बहाने निकले थे। रास्ते में एक महुआ पेड़ के नीचे बैठकर शराब पीने के दौरान पुरानी बातों को लेकर विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर उसने मंगरिता एक्का की साड़ी से उसका गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली ऐतिहासिक पहल: सांसद

### 23वीं किस्त जारी, जिले के 85 हजार किसानों के खाते में राशि अंतरण



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जिला हुगली से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान जारी की गई। इस अवसर पर जिले क 85 हजार से अधिक किसानों के खाते में राशि अंतरण की गई । प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2 हजार रुपए की राशि भेजी गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। केवीके में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में किसान एवं कृषक महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यान पूर्वक सुना और योजना के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बिलाईगढ़ की बदहाल सड़क, स्कूल के सामने गंदे पानी से भरे गड्ढे बन रहे हादसों का कारण

**बिलाईगढ़।** बंगलाभांठा मुख्य मार्ग स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने नाली की सफाई एवं समुचित नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर बहाया जा रहा है। परिणामस्वरूप मुख्य मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिनमें नाली का दूषित पानी भरा रहता है। यह स्थिति आम राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं वाहन चालकों के लिए रोजाना परेशानी और दुर्घटना का कारण बन रही है। लोगों के अनुसार गड्ढों में भरे गंदे पानी के कारण राहगीरों का फिसलकर गिरना, कपड़े खराब होना तथा स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना अब आम बात हो गई है।

विद्यालय के ठीक सामने सड़क की यह दुर्दशा बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालकों की चिंता बढ़ गई है। बच्चों को प्रतिदिन इसी गंदे पानी से भरे गड्ढानुमा मार्ग को पार कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है। स्थिति इतनी खराब है कि चार पहिया वाहनों के पहिए अक्सर गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे घंटों तक यातायात प्रभावित रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम उठाते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह मार्ग बिलाईगढ़ का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आवागमन करते हैं। यही नहीं, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र होने के कारण जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय विधायक का भी इसी मार्ग से लगातार आना जाना होता है। इसके बावजूद चाहे वो सड़क दिनेश शर्मा घर से बंगलाभाठा सार्वजनिक शौचालय तक का हो या फिर शौचालय से पुलिया तक का अधूरा गौरवपथ निर्माण का हो सड़क की यह बदहाली वर्षों से लोगों को परेशान कर रही है।



वही नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन द्वारा नगर पंचायत को करोड़ों रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बाद भी यदि विद्यालय के सामने की सड़क और नाली व्यवस्था बदहाल है।

## महिला आयोग ने की विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक एवं सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव के द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से अन्य संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 401 सुनवाई हुई। इस मौके पर जमीन संबंधी आवेदन पर आयोग ने उभय पक्ष को समझाइश दी कि वे तहसील मनोरा के तहसीलदार के पास जाएं व अपनी जमीन का सीमांकन कराएं व जमीन का काबीज करा लें। इस निर्देश के साथ प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया एवं आर्डर शीट निःशुल्क प्रदान किया गया। इसी तरह आयोग द्वारा कई अन्य मामलों को भी सुलझाया गया।

